# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
# जिला कबीरधाम छ.ग.

क्रमांक / एनएचएम / संविदा नियुक्ति / 2025 / 2116 कबीरधाम, दिनॉक 08 APR 2025

## "संविदा भर्ती विज्ञापन सूचना"

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले के स्वीकृत आर.ओ.पी. वर्ष 2024–25 में स्वीकृति के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन / जिला स्वास्थ्य समिति जिला कबीरधाम छ.ग. के अंतर्गत MO Ayush RBSK Male, MO Ayush RBSK Female, 2nd Anm NHM, Nursing Officer-NMHP, Nursing Officer- NHM, Nursing Officer - UHWC, Staff Nurse - SNCU, Staff Nurse - NBSU, Laboratory Technician - BPHU, Pharmacist - RBSK, Laboratory Technician - RBSK, Community Health Officer (CHO), Psychologist - Clinical, Radiographer - NHM, MPW Male - UHWC, STS (Senior Treatment Superv isor NTEP), Physiotherapist, Block Manager - Account, Block supervisor -VBD के रिक्त पदो पर संविदा भर्ती हेतु इच्छुक पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र **मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम छ.ग.** के नाम से **दिनांक 23.04.2025** को सायं 05:30 बजे तक रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है, किसी अन्य माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपरोक्त पदों हेतु अनिवार्य नियम, शर्ते एवं आवेदन प्रारूप जिले के वेबसाईट http://kawardha.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–कबीरधाम छ.ग.

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
# जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/एनएचएम/संविदा नियुक्ति/2025 2110 कबीरधाम दिनांक 08 APR 2025

## "संविदा भर्ती विज्ञापन"

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु जिले के स्वीकृत आर.ओ.पी. के अनुसार तथा मानव संसाधन नीति 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/जिला स्वास्थ्य समिति, जिला कबीरधाम के अंतर्गत निम्न संविदा पदों में भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| पद क्र. | पद नाम | कार्यक्रम | कुल रिक्त पद | कुल रिक्त पदों का प्रवर्गवार विवरण | | | | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | | संविदा आधारित मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UR | ST | SC | OBC | Minimum Educational Qualification | Desirable Qualification | |
| 1 | MO Ayush RBSK Male | RBSK | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | BHMS/ BAMS/ BUMS Degree Registration from any GOI Reconized (BHMS/ BAMS/ BUMS) Ayush, Homeopathy., Unani Registration Board | — | 25000/- |
| 2 | MO Ayush RBSK Female | RBSK | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | BHMS/ BAMS/ BUMS Degree Registration from any GOI Reconized (BHMS/ BAMS/ BUMS) Ayush, Homeopathy, Unani Registration Board | — | 25000/- |
| 3 | 2nd Anm NHM | NHM | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 12th Passed, ANM Passed with INC affiliated Training Center & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Registration Council. | — | 12000/- |
| 4 | Nursing Officer-NMHP | NMHP | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | Bsc Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Regisration Council. | — | 16500/- |
| 5 | Nursing Officer-NHM | NHM | 1 | 1 (H OL) | 0 | 0 | 0 | Bsc Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Regisration Council. | — | 16500/- |
| 6 | Nursing Officer - UHWC | NUHM | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | Bsc Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Regisration Council. | — | 16500/- |
| 7 | Staff Nurse - SNCU | SNCU | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | Bsc Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Regisration Council. | — | 16000/- |
| 8 | Staff Nurse - NBSU | NBSU | 4 | 4 (1H OL, 1Female) | 0 | 0 | 0 | Bsc Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Regisration Council. | — | 16000/- |
| 9 | Laboratory Technician - BPHU | BPHU | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | D.M.L.T. /B.M.L.T./ Pathology in paramedical course with live Registration in cg paramedical Council. | — | 14000/- |
| 10 | Pharmacist - RBSK | RBSK | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | Degree or Diploma in Pharmacy ( 50%) & Registration in cg Pharmacy Registration council. | — | 16500/- |
| 11 | Laboratory Technician - RBSK | RBSK | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | D.M.L.T. /B.M.L.T./ Pathology in paramedical course with live Registration in cg paramedical Council | — | 14000/- |
| 12 | Community Health Officer (CHO) | AAM/ HWC | 7 | 4 (1 Female) | 1 | 1 | 1 | B.Sc. Nursing with Certificate in Community Health Integrated(CCH course Passed & Live Registration in CG Nursing Council. OR Post Basic with Certificate in Community Health Integrated(CCH) Course Passed & Live Registration in CG Nursing Council. | — | 16500/- |
| 13 | Psychologist - Clinical (CHC Level) | NMHP | 6 | 3 | 1 | 1 | 1 | एम. फिल साईकोलॉजी, यदि योग्यता न होने की दशा में एम.एस.सी./एम.ए. साईकोलॉजी (रेगुलर) को प्राथमिकता दिया जावेगा एवं जीवित आर.सी. आई. पंजीयन अनिवार्य है। | — | 23000/- |
| 14 | Radiographer - NHM | NHM | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1) 10+2 पद्धति में 12वी, कक्षा विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। 2) क्ष–किरण तकनीशियन/रेडियोग्राफर का छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त पैरामेडिकल पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना चाहिए। 3) छ.ग. पैरामेडिकल कौंसिल से रेडियोग्राफर/क्ष–किरण तकनीशियन का जीवित पंजीयन होना चाहिए। | — | 15000/- |

क्रमश पेज क्र. 2 पर

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | MPW Male - UHWC | NUHM | **1** | 1 | 0 | 0 | 0 | Must have passed Higher Secondary Examination (10+2) examination with Biology subject. One year Diplom a in Multipurpose Worker Training or equivalent training from training center recognized by the State Government with registered in Chhattisgarh Paramedical Council. | – | **14000/-** |
| 16 | STS(Senior Treatment Superv isor NTEP) | NTEP | **1** | 1 | 0 | 0 | 0 | 1) Bachelor's Degree OR Recognized Sanitory Inspector's Course 2) Certificate Course in Computer operation (minimum 2 months) 3) Permanent two wheeler driving license & Should be able to drive two wheeler. | 01.Tuberculosis health visitor's recognized course. 2- Govt Recognized degree/diploma in social work or medical social work. 3- Sucessful completion of basic training course( Govt. recognized) for Multi-purpose health workers. | **17500/-** |
| 17 | Physiotherapist | NHM | **3** | 0 | 2 | 1 | 0 | Bachelor's Degree in Physiotherapy ( BPT) with Live Registration in CG Physiotherapist Council. | – | **18000/-** |
| 18 | Block Manager - Account | NHM | **1** | 1 | 0 | 0 | 0 | B.com ( Minimum 55%)+1 Year Computer Diploma ( PGDCA) Knowlegded Tally. | – | **21000/-** |
| 19 | Block supervisor - VBD | NVBDCP | **1** | 1 | 0 | 0 | 0 | Bsc ( Biology) | – | **21000/-** |
| **Total** | | | **41** | **24** | **7** | **5** | **5** | | | |

भाग – 1

**1. आवेदन पत्र / विज्ञापन के संबंध में:–**

1.1 यह नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्याधीन होगी।

1.2 विज्ञापित पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप व उक्त पदों की भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते व दिशा निर्देश एवं चयनित उम्मीदवारों की सूची तथा भर्ती संबंधी अन्य जानकारियां समय–समय में जिले की वेबसाईट **kawardha.gov.in** से देखी व डाउनलोड की जा सकेगी एवं अन्य किसी माध्यम से सूचना नहीं दिया जायेगा। समयानुसार अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थियों की होगी।

1.3 **आवेदन पत्र के साथ स्वप्रमाणित समस्त दस्तावेज कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–कबीरधाम (छ.ग.) के पते पर रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक** 23/4/2025 **को सायं 5:00 बजे तक आवेदन पत्र प्रेषित कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।**

1.4 निर्धारित तिथि व कार्यालयीन समय उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

1.5 विज्ञापित रिक्त पद हेतु प्रस्तुत आवेदन के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, संवर्ग स्पष्ट लिखा होना चाहिए। लिफाफे के ऊपर पद का नाम उल्लेखित नहीं पाये जाने की स्थिति में आवेदन को मान्य/अमान्य करने का अधिकार जिला चयन समिति को होगा।

1.6 अभ्यर्थी छ.ग. का मुल निवासी होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा मूल निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1.7 अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जाएंगे। प्रत्येक आवेदक को चाहिए कि विज्ञापन में दिए गए निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रुटीपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी

क्रमश पेज क्र. 3 पर

आवेदक की होगी। त्रुटि अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिए आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

1.8 उपरोक्त पदों पर आवेदन के समस्त शैक्षणिक दस्तावेज मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल/संस्था/विश्वविद्यालय से निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं कम्प्यूटर से संबंधित डिग्री/डिप्लोमा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से होना अनिवार्य है।

1.9 आवेदन के साथ अनिवार्य/वांछित शैक्षणिक योग्यता के प्रत्येक वर्ष की पूर्ण अंकसूची की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

1.10 आवेदक एक से अधिक पदों के लिये आवेदन कर सकते है किन्तु पृथक–पृथक से आवेदन व शुल्क प्रस्तुत करना होगा, एक लिफाफा में 02 या अधिक आवेदन पाये जाने पर 01 ही आवेदन को मान्य किया जावेगा। जिसके लिए अभ्यर्थी द्वारा किया गया कोई भी दावा मान्य नही होगा।

2. **आवेदन शुल्कः –**

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह 25000 या 25000 से कम आय के पदो के लिये | मानदेय प्रतिमाह 25000 से अधिक आय के पदो के लिये |
|---|---|---|
| विकलांग/अ.जा./अ.ज.जा. | 100 रू. | 200 रू. |
| अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला | 200 रू. | 300 रू. |
| अनारक्षित संवर्ग | 300 रू. | 400 रू. |

**2.1** आवेदन शुल्क “District Health Society kawardha” के नाम पर डिमांक ड्राफ्ट के माध्यम से देय होगा। अन्य किसी नाम से बनाये गये बैंक ड्राफ्ट मान्य नहीं किये जायेगें तथा ऐसे अभ्यर्थी को चयन हेतु अपात्र किया जायेगा।

**2.2** बिना आवेदन शुल्क तथा निर्धारित राशि से कम राशि के आवेदन शुल्क वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया में अपात्र की श्रेणी में रखा जायेगा।

**2.3** आवेदन शुल्क के रूप में बैंक से प्राप्त बैंक पर्ची, डिमांड ड्राफ्ट की फोटोकॉपी मान्य नहीं होगा। डिमांड ड्राफ्ट की मूल प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**3. आरक्षण :–**

**3.1** संविदा नियुक्ति के लिये छत्तीसगढ शासन द्वारा जारी आरक्षण नियम का पालन किया जायेगा। छ. ग. लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 एवं उसके अधीन जारी नियम/निर्देश जो समय–समय पर लागू होंगे।

**3.2** संविदा भर्ती के संदर्भ में आरक्षण व अन्य शर्ते राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 एवं मानव संसाधन नीति 2018 के यथासंभव संशोधित नियमों के सभी नियम व शर्तो के अनुसार लागू होंगे।

**3.3** दिव्यांग आवेदकों को छ.ग. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र./एफ/20–4/2014/आ.प्र./1–3 नया रायपुर दिनांक 27.09.2014 अनुसार केवल ऐसे व्यक्ति सेवाओं/पदों में आरक्षण के लिए पात्र होंगे जो कम से कम 40 प्रतिशत संगत दिव्यांगता से ग्रस्त हो, जो व्यक्ति आरक्षण का लाभ उठाना चाहते है उन्हें सक्षम मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**3.4** नर्सिंग केडर के दिव्यांग पद हेतु केवल (OL) एक पैर दिव्यांग ही पात्र होंगे।

**4. आयु सीमा:–**

**4.1** संविदा भर्ती के लिए न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु होगी। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2024 से की जावेगी। इस आयु सीमा में सभी प्रकार की छूट सम्मिलित है।

क्रमश पेज क्र. 4 पर

**5. चयन प्रक्रिया :–**

**5.1** चयन प्रक्रिया हेतु निम्नानुसार अंक निर्धारित है :–

| स. | विवरण | स्वीकृत पदनाम | चयन प्रक्रिया हेतु अंक निर्धारण |
|---|---|---|---|
| 1 | नर्सिंग केडर साक्षात्कार/कौशल/लिखित परीक्षा | Community Health Officer | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको प्रतिशत–60 अंक<br>2. कौशल/लिखित परीक्षा – 20 अंक<br>3. अनुभव – 10/15/20 अंक (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक एवं मितानिन कार्य अनुभव का 20 अंक प्रदान किया जायेगा। |
| 2 | | Nursing Officer- NMHP | |
| 3 | | Nursing Officer NHM | |
| 4 | | Nursing Officer UHWC | |
| 5 | | Staff Nurse SNCU | |
| 6 | | Staff Nurse NBSU | |
| 7 | | $2^{ND}$ANM | |
| 8 | पैरा मेडिकल स्टाफ हेतु साक्षात्कार/कौशल/लिखित परीक्षा | Laboratory Technician-BPHU | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको प्रतिशत–65 अंक<br>2. कौशल/लिखित परीक्षा – 20 अंक<br>3. अनुभव – 10/15 अंक (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 9 | | Laboratory Technician-RBSK | |
| 10 | | Pharmacist - RBSK | |
| 11 | | Radiographer - NHM | |
| 12 | | MPW Male- UHWC | |
| 13 | कम्प्यूटर आधारित कौशल परीक्षा | Block Manager Account | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको प्रतिशत–65 अंक<br>2. कौशल/लिखित परीक्षा – 20 अंक<br>3. अनुभव – 10/15 अंक (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 14 | अन्य केडर साक्षात्कार/कौशल/लिखित परीक्षा | MO Ayush RBSK Male | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको प्रतिशत–65 अंक<br>2. कौशल/लिखित परीक्षा – 20 अंक<br>3. अनुभव – 10/15 अंक (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 15 | | MO Ayush RBSK Female | |
| 16 | | Psychologist clinical | |
| 17 | | STS(Senior Treatment Supevisor(NTEP) | |
| 18 | | Physiotherapist | |
| 19 | | Block Supervisor - VBD | |

**5.2** Community Health Officer ( CHO) के पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन पर अंकित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्त अंको के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी। (बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक नर्सिंग के अंतिम वर्ष की अंकसूची में अंकित एग्रीगेट अंक को आवेदन में भरा जावे) इसी मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

**5.3** Community Health Officer (CHO) के पद पर एसे अभ्यर्थी जो सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्पयूनिटी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (B.Sc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) अथवा मान्य प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्प्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.एसी. नर्सिंग पाठ्यक्रम(Post Basic B.Sc Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) उत्तीर्ण हो उन्हे विज्ञापन में संलग्न Appendix-1 अनुसार Integrated Course उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से हस्ताक्षर कराकर आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

**5.4** Community Health Officer (CHO) पद हेतु नर्सिंग काउंसिलिंग में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है, छ.ग. नर्सिंग काउसलिंग में जीवित पंजीयन नही होने की स्थिति में अपात्र किया जावेगा।

**5.5** चयन प्रक्रिया हेतु अंको का निर्धारण विज्ञापन में संबंधित पद अनुसार मापदण्ड अनुरूप दिया जायेगा।

**5.6** कौशल परीक्षा/साक्षात्कार/लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित कुल अंको का 30 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा 30 प्रतिशत अंक अर्जित नहीं करने की दशा में अभ्यर्थी को अपात्र माना जायेगा।

क्रमशः पेज क्र. 5 पर

5.7 आवश्यकतानुसार कौशल परीक्षा जिला मुख्यालय में ली जावेगी। जिसमें सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा/दैनिक भत्ता भुगतान नहीं किया जावेगा।

5.8 आवश्यकतानुसा साक्षात्कार/कौशल/लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची तथा परीक्षा स्थन की जानकारी एवं भर्ती संबंधी अन्य जानकारियाँ समय–समय पर जिले की वेबसाईट kawardha.gov.in एवं कार्यालयीन सूचना पटल में उपलब्ध कराई जावेगी।

5.9 मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा।

5.10 चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी भी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन/चयन अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

5.11 प्राप्त आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन हेतु आहूत किया जावेगा।

| क्र. | कुल विज्ञापित पदो की संख्या | स्क्रीनिंग कौशल परीक्षा लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदो का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदो का 05 गुना |
| 3 | 51 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदो का 3 गुना |

5.12 समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों के जन्म तिथि को आधार मानकर वरियता निर्धारित की जावेगी। जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी, उसे वरियता प्रदान की जावेगी।

6. **संविदा अवधि/वेतन निर्धारण :–**

6.1 यह नियुक्ति संविदा आधार पर वित्तीय वर्ष तक के लिए की जावेगी, कार्य संतोषजनक पाये जाने पर सेवा अवधि में वृद्धि की जा सकती है। भारत सरकार द्वारा प्राप्त आर.ओ.पी. में स्वीकृति के आधार प्रर ही संविदा सेवा अवधि में वृद्धि की कार्यवाही की जावेगी।

6.2 संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त संविदा वेतन व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगी, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।

6.3 चयनित अधिकारी/कर्मचारी का कार्य संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा एक माह के अग्रिम नोटिस या एक माह का वेतन देकर किसी भी समय समाप्त की जा सकेगी अथवा अधिकारी/कर्मचारी एक माह पूर्व नोटिस या एक माह का वेतन जमा कर स्वयं पद त्याग कर सकता है।

6.4 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (संविदा) के रूप में कार्य करने के दौरान प्रतिमाह राशि 16500/–(सोलह हजार पांच सौ रूपये मात्र) वेतन एकमुश्त एवं साथ कार्य प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि (Performance Based Incentive) प्रतिमाह अधिकतम राशि रूपये 15000/– तक दी जायेगी। इस संबंध में मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देश लागू होंगे।

7. **अनुभव संबंधी नियम/शर्तें:–**

7.1 अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित संस्थाओं के ही मान्य होंगे। आवेदित पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 02 अंक तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी को पद से संबंधित कार्यानुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 03 अंक, अधिकतम 05 वर्ष हेतु प्रदान किया जायेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यानुभव का अंक तभी प्रदान किया जायेगा, जब अनुभव प्रमाण पत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्य करने का स्पष्ट उल्लेख हो।

क्रमश पेज क्र. 6 पर

ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिए अधिकतम 20 अंक (प्रत्येक वर्ष 4 अंक) (31 दिसम्बर 2017 तक पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण मितानिनों के लिए लागू होगा। राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र रायपुर द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।)

7.2 कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं एक वर्ष में 6 माह तक सेवा देने वाले अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों को 10 बोनस अंक दिया जाना है एवं सामान्य स्थिति में नियुक्त संविदा (अनियमित) कर्मचारी है उन्हे अनुभव के अधिकतम 15 अंक तक दिया जना है। इस प्रकार एक ही कर्मचारी को दोनो अनुभव के अंक नहीं दिया जावेगा। (जिन्हे शासकीय मद से सेवा अवधि का मानदेय दिया गया है।)

7.3 अनुभव प्रमाण पत्र में किसी प्रकार का ओवरराईटिंग/त्रुटिपूर्ण होने की स्थिति में अमान्य कर दिया जायेगा।

7.4 अनुभव में अंको की गणना वर्षो के गुणांक के आधार पर (वर्ष पूर्ण होने पर) ही दिया जावेगा तथा 12 माह से कम होने पर अंको की गणना नहीं की जावेगी।

7.5 अनुभव आवेदित पद अनुसार संबंधित क्षेत्र/समान कार्य प्रकृति का होना चाहिये।

7.6 आवेदन के साथ नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। वर्तमान में कार्यरत होने की स्थिति में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्रमाण पत्र में जारीकर्ता कार्यालय का जावक क्रमांक व तिथि का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है।

7.7 अवैतनिक अनुभव प्रमाण पत्र को मान्य नहीं किया जायेगा तथा नियोक्ता/सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र को ही मान्य किया जायेगा।

**8. अंतिम चयन सूची :–**

8.1 कौशल परीक्षा हेतु – शैक्षणिक योग्यता+ अनुभव अंक

8.2 अंतिम चयन सूची – शैक्षणिक योग्यता+ अनुभव अंक+लिखित/कौशल/साक्षात्कार का अंक

**9. प्रतीक्षा सूची :–**

9.1 विज्ञापित पदों के लिए प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जिसकी वैधता सूची प्रकाशन तिथि से न्यूनतम 1 वर्ष या अगली नवीन भर्ती के विज्ञापन जारी होने (जो पहले हो) तक होगी।

9.2 प्रतीक्षा सूची हेतु कुल विज्ञापित पदों के 25 पदो तक 200 प्रतिशत, 26 से 50 पदो हेतु 150 प्रतिशत एवं 50 से अधिक पदों हेतु 100 प्रतिशत् अभ्यर्थियों को प्रतिक्षा सूची में रखा जावेगा, ताकि भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरे जा सके।

9.3 प्रतीक्षा सूची में वर्तमान आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि करने के लिये चयन समिति सक्षम रहेगा।

**10. दस्तावेज सत्यापन :–**

10.1 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में दिये गये समस्त प्रविष्टियां मूल दस्तावेज अनुसार सही होना चाहिये। अंतिम चयन के पूर्व या पश्चात दस्तावेज जाँच में पाया जाता है कि आवेदन में अंकित जानकारी त्रुटिपूर्ण या अधूरी अथवा भ्रामक हो, तो उन्हे अंतिम चयन सूची में सम्मिलित नहीं किया जायेगा, चयन के पूर्व/पश्चात् किसी भी समय, किसी भी पक्ष की ओर से जानकारी त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर उनका चयन निरस्त किया जायेगा। इस संबंध में अंतिम निर्णय नियुक्तिकर्ता का होगा।

10.2 मूल आवेदन के साथ समस्त वांछित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है तथा भर्ती प्रक्रिया के दौरान दस्तावेज सत्यान के समय निम्न अभिलेखो के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य है :–

- दसवी की अंकसूची।
- बारहवीं की अंकसूची।
- स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा के समस्त वर्षो की अंकसूची।
- संबंधित डिग्री।
- मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर की डिप्लोमा/डिग्री की अंकसूची।
- संबंधित काउंसिल/मण्डल का पंजीयन प्रमाण पत्र।

क्रमशः पेज क्र. 7 पर

- सक्षम अधिकारी का स्थायी जाति प्रमाणत्र।
- मूल निवास प्रमाण पत्र।
- दिव्यांग प्रमाण पत्र (यदि हो तो)
- अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो तो)
- वर्तमान नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र (लागू हो तो)
- पहचान पत्र (आधार/वोटरकार्ड/पैनकार्ड/ड्रायविंग लाइसेंस/अन्य)
- अन्य (उपरोक्त क्रम अनुसार ही अभ्यर्थी स्वप्रमाणित वांछित दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगे। )

**11. अन्य नियम एवं शर्तेः–**

**11.1** संविदा कर्मचारी द्वारा नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात नियुक्ति प्राधिकारी के साथ 50/– के गैर न्यायिक बंध पर अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा। अनुबंध के निष्पादन पर होने वाला व्यय चयनित अभ्यर्थी द्वारा वहन किया जायेगा।

**11.2** नियोक्ता के साथ करार पत्र (संविदा पत्र) निष्पादन करना अनिवार्य होगा।

**11.3** विज्ञापन तिथि तक समस्त शैक्षिणिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पत्र तत्काल अस्वीकृत कर अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा तथा इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं किया जायेगा।

**11.4** दावा आपत्ति आवेदन हेतु दावा आपत्ति मंगाये जाने के समय निर्धारित प्रारूप जारी किया जावेगा। उक्त निर्धारित प्रारूप में ही दावा आपत्ति स्वीकार किये जायेंगे। दावा आपत्ति हेतु निर्धारित तिथि के बाद किसी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**11.5** दावा आपत्ति में किसी भी प्रकार के नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा। मूल आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों के आधार पर दावा आपत्ति निराकरण की कार्यवाही की जावेगी एवं दावा आपत्ति में केवल लिपिकीय त्रुटि का ही सुधार किया जायेगा। विज्ञापन जारी तिथि के पश्चात के दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जायेगे।

**11.6** विज्ञापन व भर्ती प्रक्रिया के समय तथ्यात्मक/लिपिकीय/रिक्तियों/टंकन आदि संबंधित त्रुटि सुधार किया जा सकेगा।, जिसकी सूचना विधिवत प्रकाशित किया जावेगा।

**11.7** नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयन अभ्यर्थियों की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जावेगी।

**11.8** भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाली किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकारी जिला स्तरीय चयन समिति को होगा।

**11.9** विज्ञापित पदों की संख्या में किसी भी परिस्थिति में परिवर्तन नहीं किया जावेगा। विशेष कारणों से विज्ञापित पद अथवा संपूर्ण विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार चयन समिति को होगा।

**11.10** आवेदन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों का विवरण आवेदन पत्र में उल्लेख करना अनिवार्य है।

**12.** योग्य उम्मीदवार नहीं होने की दशा में चयन समिति द्वारा भर्ती निरस्त कर पुनः विज्ञापित कराया जा सकता है।

**13.** ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवायें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग/शासन द्वारा वित्त पोषित संस्था द्वारा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण से सेवा समाप्त की गई है, उन्हे अपात्र उम्मीदवार की श्रेणी में रखा जावेगा।

**14.** विज्ञापित पदों में बैकलाग पद शामिल है।

**15.** भर्ती एवं सेवा अवधि के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जारी " मानव संसाधन नीति 2018" एवं मानव संसाधन नीति 2018 के यथासंभव संशोधित नियमों तथा उच्च कार्यालय द्वारा समय समय पर जारी दिशा–निर्देश आदि मान्य होंगे।

**16.** विज्ञापन व भर्ती प्रक्रिया के किसी भी समय तथ्यात्मक/लिपिकिय/टंकन आदि संबंधित त्रुटि सुधार किया जा सकेगा। जिसकी सूचना विधिवत प्रकाशित किया जावेगा।

**(अध्यक्ष, चयन समिति द्वारा अनुमोदित)**

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,**
**जिला – कबीरधाम छ.ग.**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| नवीनतम स्व हस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज फोटो। |
|---|

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

1. आवेदित पद क्र. :.........................................................................
2. आवेदित पद का नाम :.........................................................................
3. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम :.........................................................................
4. पिता/पति का नाम :.........................................................................
5. माता का नाम :.........................................................................
6. (अ) जन्म तिथि (अंको में) :.........................................................................
   (ब) आयु 1 जनवरी 2024 की स्थिति मे आयु : वर्ष..........................माह....................दिन..................
   (प्रमाण पत्र संलग्न करे )
7. संबंधित काउंसिल का नाम :.........................................................................
   जीवित पंजीयन क्रमांक :.........................................................................
8. निवास प्रमाण पत्र संलग्न (हाँ/नही) :.........................................................................
   मूल निवास जिला :.........................................................................
9. पत्र व्यवहार का पता :.........................................................................
   :.........................................................................
   पिन .........................................................................
   दूरभाष/मो.नं. .........................................................................
   ई मेल पता .........................................................................
10. स्थायी पता :.........................................................................
   :.........................................................................
   :.........................................................................
11. जाति (अना./अ.पि.व./अनु.जाति/अनु.जनजाति) :.........................................................................
12. लिंग (पुरूष, महिला, अन्य) :.........................................................................
11. वैवाहित स्थिति :.........................................................................
12. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

13. यदि संबंधित क्षेत्र में कार्य का वांछित अनुभव हैं, अनुभव का विवरण निम्नलिखित देवें:–
(निजी संस्था का या अपूर्ण अनुभव प्रमाण पत्र मान्य नहीं किया जावेगा )

| क्र. | संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव तिथि | | | नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव/आनापत्ति प्रमाण पत्र क्रमांक व दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | कुल वर्ष | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. क्या आप दिव्यांग (नि:शक्त) है :...........................................................................
यदि हाँ तो दिव्यांगता का प्रतिशत एवं
दिव्यांगता का प्रकार (अस्थि/श्रवण/दृष्टि आदि)

15. दिव्यांग होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी :...........................................................................
द्वारा जारी प्रमाण पत्र का क्रमांक/दिनांक (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

16. डिमाण्ड ड्राफ्ट का विवरण :–
1. डी.डी. क्र.............................................................. 2. राशि.................................
3. बैंक का नाम ........................................................ 4. डी.डी. जारी दिनांक ..............

17. संलग्न सहपत्र :–
1............................................................................ 2...........................................................................
3............................................................................ 4...........................................................................
5............................................................................ 6...........................................................................
7............................................................................ 8...........................................................................
9............................................................................ 10.........................................................................
11..........................................................................12.........................................................................

## //घोषणा पत्र//

मैं एतद् द्वारा प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन पत्र में दी गई संपूर्ण जानकारी सत्य एवं सही है। मैं सहमति देता देती हूँ कि किसी भी स्तर पर जानकारी असत्य पाये जाने पर मुझे चयन/सेवा से वंचित किया जा सकता है एवं मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**स्थान:–** ...........................................

**दिनांक :–**

**आवेदक/आवेदिका**
**का नाम व हस्ताक्षर**